दिन– रविवार दिनांक– 30 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. तीन नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कल से देश भर में होंगे लागू।

03. भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हरा कर आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप–दो हजार चौबीस का खिताब जीता।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पूरे राज्य में सक्रिय हुआ। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————————

देश में कल से तीन नए अपराधिक कानून लागू हो जायेंगे। इसमें भारतीय न्याय संहिता दो हजार तेईस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस और भारतीय साक्ष्य अधिनियम दो हजार तेईस शामिल है। इन कानूनों को पिछले साल संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित किया गया था। नए अपराध कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ये कानून प्रत्येक नागरिक को अधिक सुगम, सहयोगी और कार्यकुशल न्याय प्रणाली प्रदान करने के उद्देश्य से लाए गए हैं। नए अपराध कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं को ऑनलाइन दर्ज कराना,

किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराना तथा पीड़ितों को प्राथमिकी की निःशुल्क प्रति उपलब्ध कराना शामिल है। नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है और इन अपराधों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करने का प्रावधान किया गया है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों को गंभीर अपराधों के मामले में घटना स्थल का दौरा कर साक्ष्य इकट्ठा करना भी अनिवार्य कर दिया गया है।

———————————————————————————

भारत ने आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप–दो हजार चौबीस का खिताब जीत लिया है। यह भारत का सत्रह साल बाद दूसरा टी–ट्वेंटी विश्व कप खिताब है। रोहित शर्मा की कप्तानी में कल बारबोडास के किंग्स्टन ओवल में खेले गए रोमांचक फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ये जीत हासिल की। पुरुष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में किसी भी टीम का यह सर्वाधिक स्कोर है। एक सौ सतहत्तर रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट पर एक सौ उनहत्तर रन ही बना सका। विराट कोहली को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आठ मैचों में पन्द्रह विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद टीम के वरिष्ठ खिलाडी विराट कोहली ने टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले लिया। मैच के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान रोहित शर्मा ने भी टी–ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह वनडे और टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने टी–ट्वेंटी विश्व कप जीतने के लिए भारतीय टीम को बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कभी न हार मानने की भावना के साथ टीम इंडिया ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए असाधारण जीत हासिल की है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि देश को टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह मैच ऐतिहासिक था।

———बाईट———

———————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून अब पूरे राज्य में सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से राज्य के उत्तर, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो रही है। विभाग ने पटना समेत पूरे प्रदेश में दो जुलाई तक बारिश की

सम्भावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस के सुमन ने बताया कि एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र राज्य के उत्तर और पूर्वी भागों में बना हुआ है। जिसके प्रभाव से पश्चिम चंपारण और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर अगले कुछ दिनों तक मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान है।

–––बाईट–––

———————————————————————————————

नेपाल के तराई वाले भागों में भारी बारिश और राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा उत्तर–पूर्व भागों में हो रही बारिश के कारण कई नदियों की जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। अररिया जिले में परमान नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। नदी का पानी कई जगहों पर सड़क तक फैल गया है। महानन्दा नदी पूर्णियां के ढेंगराघाट में खतरे के निशान के अत्यंत करीब बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ में लाल निशान के पास पहुंच गया है।

———————————————————————————————

जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। जदयू की दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया। अपनी नियुक्ति के बाद मीडिया से बात करते हुए श्री झा ने कहा कि बिहार में दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी आने वाले समय में विस्तार करने की कोशिश करेगी। श्री झा ने यह भी घोषणा की कि जद (यू) इस साल झारखंड में विधानसभा चुनाव भी लड़ेगी। इधर, श्री झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए कृतज्ञता व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी को और भी मजबूत बनाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।

–––बाईट–––

———————————————————————————————

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने बैठक में लिये गए फैसलों की जानकारी देते हुये कहा कि प्रस्ताव में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज की मांग की गयी है।

–––बाईट–––

———————————————————————————————

लोजपा रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने चुनाव जीतने के लिए कई तरह की अफवाह फैलाई। उन्होंने पटना में नव निर्वाचित सांसदों के लिए आयोजित समारोह में कहा कि आरक्षण, संविधान और लोकतंत्र को लेकर विपक्ष ने निराधार बातों का प्रचार किया। श्री पासवान ने कहा कि इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश में एनडीए ने शानदार सफलता पायी। उन्होंने इस सफलता के लिए एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया।

———————————————————————————

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम— एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने देश में खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र के विकास के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा की। नई दिल्ली में आयोजित बैठक में श्री मांझी ने खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र को बढ़ावा देने और खादी कारीगरों को समर्थन देने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर जोर दिया।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने प्रदेश में पुलों के गिरने की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा है कि ये घटनायें राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश भी हो सकती है। उन्होंने गया में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई कर रही है।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रदेश में कथित नीट यूजी प्रवेश परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग से गिरफ्तार तीन आरोपियों को सीबीआई आगे की जांच के लिए पटना ले आयी। सीबीआई ने इस मामले में हजारीबाग ओएसिस स्कूल के परीक्षा केंद्र के प्रिंसिपल एहसानुल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाजुल हक और एक स्थानीय पत्रकार जमालुद्दीन को गिरफ्तार किया है। तीनों की मेडिकल जांच के बाद सीबीआई के विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुये तीनों को बेऊर जेल भेज दिया। बिहार पुलिस के ईओयू से मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई ने अब तक बिहार और झारखंड से पांच गिरफ्तारियां की हैं। इधर, सीबीआई की टीम ने कल पटना स्थित बेऊर जेल में बंद सोलह आरोपियों से पूछताछ की। इस मामले में गिरफ्तार मनीष प्रकाश, आशुतोष, चिन्टू और मुकेश को सीबीआई ने पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है।

———————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे के सीपीआरओ सरस्वती चन्द्र ने बताया है कि उत्तर प्रदेश के गोंडा– बुढ़वल खंड के कई स्टेशनों पर ननइंटर लॉकिंग का कार्य चल रहा है। इस कारण पाटलिपुत्र–लखनऊ एक्सप्रेस, ग्वालियर–बरौनी स्पेशल, रक्सौल–आनंद विहार समेत पन्द्रह ट्रेनों का परिचालन अलग–अलग तिथियों पर आज से पांच जुलाई तक रद्द कर दिया गया है।

---

सुपौल जिले में भपटियाही थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुये दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री से एक अर्धनिर्मित राइफल के साथ कुछ अन्य उपकरण भी बरामद किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाईनल में भारत की ऐतिहासिक जीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने दक्षिण अफ्रीका पर सात रनों से भारत की जीत का शीर्षक लगाया है– भारत विश्व विजेता।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को सचित्र प्रकाशित करते हुये लिखा है– विश्व विजयी विराट तिरंगा।

दैनिक जागरण ने जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के हवाले से लिखा है– संजय झा बने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष।

प्रभात खबर ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ के बयान का शीर्षक बनाया है– संविधान के स्वामी नहीं, सेवक होते हैं न्यायाधीश।

राष्ट्रीय सहारा ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– एनडीआरएफ कर्मियों को चालीस प्रतिशत जोखिम भत्ता।

आज अखबार की सुर्खी है– दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

02. तीन नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कल से देश भर में होंगे लागू।

03. भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हरा कर आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप–दो हजार चौबीस का खिताब जीता।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पूरे राज्य में सक्रिय हुआ। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।